बीएसएनएल जीएम पर उत्पीड़न का आरोप

रिपोर्ट दर्ज कराने पुलिस चौकी पहुंचीं विभाग की महिला अधिकारी

अमर उजाला

कार्यालय के बाहर नारेबाजी करतीं महिला कर्मचारी।

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। बीएसएनएल के जीएम पर उन्हीं के विभाग की एक महिला अधिकारी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

इस मसले को लेकर बीएसएनएल की महिला कर्मियों ने बुधवार को सेक्टर 15 स्थित बीएसएनएल कार्यालय पर प्रदर्शन किया और इसके बाद सेक्टर 15ए पुलिस चौकी पर जाकर शिकायत दी। पुलिस ने देर शाम मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बीएसएनएल कार्यालय में काम करने वाली एक महिला अधिकारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 अप्रैल को निगम के जीएम ने उसे किसी काम से अपने कक्ष में बुलाया। आरोप है कि बजाए किसी काम के उन्होंने अश्लील बातें शुरू कर दीं। इसके बाद महिला ने इसकी लिखित शिकायत सीजीएम अंबाला व पुलिस कमिश्नर को दी। महिला का आरोप है कि जीएम पिछले साढ़े तीन साल से उसे परेशान कर रहे हैं। महिला ने आरोप लगाया कि वर्ष 2009 में जीएम की नियुक्ति के बाद उसका कार्यक्षेत्र प्लानिंग विभाग से बदल कर मार्केटिंग कर दिया गया। इसके बाद जीएम ने किसी भी काम के लिए सीधे उनसे ही संपर्क करना शुरू कर दिया। जब विरोध जताया तो उसका स्थानांतरण बल्लभगढ़ कर दिया। महिला ने आरोप लगाया है कि वे इतनी खराब मानसिक स्थिति में रहीं कि उनका मिस केरेज हो गया। इसके बाद भी उसका कई बार तबादला किया गया। पीड़ित महिला ने बताया कि अपने साथ चल रही समस्या के बारे में उन्होंने अन्य साथियों को बताया था। इसके विरोध में बुधवार को साथी कर्मचारियों ने अपने-अपने संबंधित कार्यालयों में काम ठप रखा।

उधर, देर रात आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता व इनेलो कार्यकर्ता सेक्टर-15ए की पुलिस चौकी में जमे रहे। बाद में डीसीपी सेंट्रल को बुलाया गया। फिर महिला की शिकायत पर केस दर्ज हुआ।

मुझ पर लगे सभी आरोप गलत हैं। महिला अधिकारी को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि उनके खिलाफ शिकायत मिलने पर ही निगम नियमों के अनुसार ही उनका स्थानांतरण किया गया। उक्त महिला जिस विभाग में भी रहीं, वहां से शिकायत आती, तभी स्थानांतरण किया गया था।

-पीके श्रीवास्तव, महाप्रबंधक, बीएसएनएल, फरीदाबाद।

मामला दर्ज करने की मांग को लेकर बुधवार देर शाम सेक्टर-15ए पुलिस चौकी में जमा हुए लोग।

छेड़छाड़ में बीएसएनएल अधिकारी पर केस

महिला अधिकारी ने लगाया था आरोप, कर्मचारियों ने किया दफ्तर के बाहर प्रदर्शन

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

सेक्टर-15ए भारत संचार निगम लिमिटेड में काम करने वाली एक महिला अधिकारी द्वारा निगम के जीएम पर छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाने के बाद कार्रवाई को लेकर बुधवार को कर्मचारियों ने दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने पुलिस चौकी में शिकायत दी। मामले की नजाकत को देखते हुए मौके पर सेंट्रल एसएचओ विजय कुमार, एसीपी सेंट्रल हितेश यादव पहुंच गए। पुलिस ने शिकायत ले ली है। देर शाम जीएम के खिलाफ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया गया। यह प्रदर्शन यूनाइटेड फोरम ऑफ ऑल एसोसिएशन एंड यूनियन के बैनर तले किया गया था।

सेक्टर-15ए स्थित बीएसएनएल कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते कर्मचारी।

क्या हैं आरोप

बीएसएनएल में काम करने वाली एक महिला अधिकारी ने बताया कि तीन साल से उनके सीनियर अधिकारी उन्हें प्रताड़ित करते हैं। यहां तक कि वरिष्ठ अधिकारी की हरकतों से परेशान होकर ख़ुदकुशी करने की सोची। लेकिन परिवार के भविष्य के बारे में सोचऐसा नहीं किया। आरोप है कि जीएम ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए मामले को पूरी तरह से दबा दिया है। महिला का आरोप है कि विभाग के उच्चाधिकारियों से लेकर पुलिस में भी अफसर की शिकायत दी है। पुलिस चौकी में आई अन्य महिलाओं ने बताया कि सीनियर अफसर बेवजह परेशान करते हैं।

शेष पेज | 9

आरोप निराधार

दफ्तर में केवल काम के लिए कर्मचारियों व अधीनस्थ अधिकारियों को कुछ बोला जाता है। महिला का आरोप निराधार है। महिला के दफ्तर में कामकाज का तरीका ठीक न होने के कारण इधर-उधर तबादले किए गए। वे किसी भी जांच के लिए तैयार हैं। जल्द एक कमेटी इस मामले की जांच शुरू कर देगी। पीके श्रीवास्तव, जीएम, बीएसएनएल।

छेड़छाड़ में बीएसएनएल...

दफ्तर से घर जाने के बाद भी दफ्तर के काम के बारे में फोन करते हैं। प्रदर्शन में कई महिला अधिकारी भी शामिल थीं। एसीपी सेंट्रल हितेश यादव ने बताया कि पीड़ित महिला ने जीएम के खिलाफ पुलिस को शिकायत दे दी है। मामले की जांच प्राथमिकता से की जा रही है। जांच के बाद ही कार्रवाई आगे बढ़ेगी।